विधेयक C-24, नया नागरिकता कानून: नागरिकता प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाएगा और खोना आसान

कैनेडियन एसोसिएशन ऑफ रेफ्युजी लॉयर्स | अप्रैल 2014

6 फरवरी, 2014 को संघीय सरकार ने विधेयक C-24 पेश किया, एक ऐसा कानून जो कैनेडा के *सिटिज़नशिप ऐक्ट* (नागरिकता अधिनियम) में बदलाव कर देगा। यह कानून कैनेडा की नागरिकता के हमारे जाने-पहचाने मुख्य पहलुओं में परिवर्तन करता है।

यदि पारित हो जाता है, तो विधेयक C-24 के अंतर्गत नए आप्रवासियों के लिए कैनेडा की नागरिकता प्राप्त करना और कठिन तथा बहुत से कैनेडा वासियों के लिए इसे खोना आसान हो जाएगा, विशेषकर यदि उनके पास दोहरी नागरिकता हो। अधिकांश कैनेडावासी उन तरीकों को नहीं समझते जिनके द्वारा विधेयक C-24, कैनेडा का नागरिक बनने के उनके अधिकार को कमज़ोर कर देगा। कैनेडियन एसोसिएशन ऑफ रेफ्युजी लॉयर्स ने सिटिज़नशिप ऐक्ट में किए जा रहे सबसे महत्वपूर्ण बदलावों का सार उपलब्ध कराया है। **यदि आप बहुत से कैनेडा वासियों के नागरिकता अधिकारों की हानि के बारे में चिंतित हैं, तो हमारा आपसे अनुरोध है कि आप विधेयक C-24 के कानून बन जाने से पहले ही अपने सांसद से संपर्क करें।**

कैनेडा में, नागरिकता हमेशा से ही सुरक्षित रही है। चाहे मूल निवासी हो या आप्रवासी, एक बार जब आपको नागरिकता दे दी जाती है तो वह सुरक्षित रहती है। वर्तमान प्रणाली में, आप अपनी नागरिकता तब तक नहीं खो सकते जब तक आपने उसे धोखाधड़ी से प्राप्त न किया हो, और तब भी, यह अनिवार्य है कि एक संघीय न्यायालय के न्यायाधीश ने न्यायालय द्वारा पूरी सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया हो। वर्तमान प्रणाली में, यदि आप न्यायाधीश से सहमत नहीं हैं, तो आपको अपील करने का अधिकार है। नए कानून के तहत, अनेक तरीकों से आपकी नागरिकता जा सकती है। साथ ही, यह निर्णय कि क्या आपकी नागरिकता चली जाएगी, एक सरकारी नौकरशाह द्वारा लिया जाएगा जो आपको लिखित रूप में सूचित करेगा और आपके पास अपना पक्ष रखने के लिए प्रत्यक्ष सुनवाई का कोई अवसर नहीं होगा।

नागरिकता प्राप्त करना क्यों अधिक कठिन हो जाएगा?

नए आप्रवासियों को नागरिकता के लिए आवेदन करने से पहले अब और अधिक समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। बड़ी और छोटी उम्र के लोगों को अब नागरिकता के लिए योग्य होने के लिए भाषा और ज्ञान की परीक्षाएं पास करनी होंगी। नागरिकता आवेदन का शुल्क तीन गुना कर दिया गया है। जिन लोगों को इनकार किया जाता है उनके पास अपील का कोई अधिकार नहीं होगा।

1. **भाषा और कैनेडा के बारे में ज्ञान की परीक्षाएं:** नए कानून के तहत, 14 से 64 वर्ष की उम्र के सभी आवेदकों को भाषा संबंधी परीक्षा तथा अंग्रेज़ी या फ्रेंच में कैनेडा के बारे में ज्ञान की परीक्षाएं पास करनी होंगी। वर्तमान में, केवल 18 से 55 वर्ष की उम्र के लोगों को ही भाषा और ज्ञान के संबंध में अपनी योग्यता साबित करनी होती है। यदि विधेयक C-24 पारित हो जाता है, तो बहुत से अधिक उम्र के आप्रवासियों को भाषा संबंधी परीक्षाएं पास करने में बहुत मुश्किल होगी। इसके अलावा, जिन बच्चों और दादा-दादी के पास अपनी भाषा संबंधी योग्यता साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं होंगे उन सभी को भाषा परीक्षा के लिए भुगतान करना होगा।

2. **नागरिकता आवेदन की लागत में बढ़ोतरी:** पिछले वर्ष सरकार ने भाषा परीक्षा शुल्क लगाया था। अब आवेदन शुल्क भी तीन गुना हो जाएगा। फलस्वरूप, वर्ष 2006 की तुलना में अब नागरिकता के लिए आवेदन करने की कीमत 4 गुनी अधिक हो जाएगी।

3. **विलंब:** आज, आवेदकों को सरकारी विलंब और अकुशलता के चलते नागरिक बनने के लिए 4-6 वर्षों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। नए कानून के बाद, आपको नागरिक बनने के लिए, स्थाई निवासी बनने की तारीख से कुल मिलाकर 8 से लेकर 10 वर्ष तक इंतजार करना होगा।

4. **निवास संबंधी अधिक कठिन शर्तें:** नए कानून के तहत, लोगों को नागरिकता के लिए आवेदन करने से पहले कैनेडा में कम से कम 4 वर्षों तक *स्थायी निवासियों* के तौर पर रहना जरूरी होगा। वर्तमान नियम 3 वर्ष का है। नए कानून के तहत, अब स्थाई निवासी बनने से पहले कैनेडा में बिताया गया कोई भी समय (एक छात्र, कामगार या शरणार्थी के तौर पर), चार वर्षों की निवास शर्त में नहीं गिना जाएगा।

5. **न्यायालयों में अपील का कोई अधिकार नहीं:** यदि आपका नागरिकता का आवेदन अस्वीकार किया जाता है, तो अब आपको इस इनकार को चुनौती देने के लिए संघीय न्यायालय (फेडरल कोर्ट) में अपील करने का अधिकार नहीं होगा। इसकी न्यायिक समीक्षा तो की जाएगी लेकिन

वह पूरी और मुकम्मल अपील नहीं होगी।

नागरिकता क्यों अधिक आसानी से खो जाएगी?

नया कानून कैनेडावासियों को दो श्रेणियों में विभाजित करता है: प्रथम श्रेणी के कैनेडावासी जिनके पास अन्य कोई नागरिकता नहीं है, और द्वितीय श्रेणी के कैनेडावासी - दोहरे नागरिक, जो कैनेडा में रहने का अपना अधिकार गंवा सकते हैं। यहां तक कि यदि आप कैनेडा में जन्मे हों, तो भी अगर आपके पास दोहरी नागरिकता है या दोहरी नागरिकता की संभावना है, तो आपकी नागरिकता जाने का जोखिम रहेगा। हो सकता है आपको मालूम ही न हो कि आपके पास दूसरी नागरिकता भी है। यदि आपके पति/पत्नी, माता/पिता, या दादा-दादी दूसरे देश के नागरिक हैं, तो आपके पास बिना कभी आवेदन किए भी नागरिकता का अधिकार हो सकता है। यदि मिनिस्टर कहता है कि आपके पास दूसरी नागरिकता हो सकती है या आप उसे प्राप्त कर सकते हैं, तो प्रस्तावित कानून के तहत आपको अपनी कैनेडा की नागरिकता खोने का जोखिम हो सकता है। मिनिस्टर को उसकी संतुष्टि के अनुसार अन्यथा साबित करने का भार आप पर होगा।

नए कानून से, सरकार के लिए निम्न तरीकों के जरिए आपकी कैनेडा की नागरिकता को वापस लेना अधिक आसान हो जाएगा:

1. **सभी बनाए गए नागरिकों के मामले में**, एक संघीय सरकार का अधिकारी आपकी नागरिकता को रद्द कर सकता है यदि उसका मानना हो कि आपका विचार कभी भी कैनेडा में रहने का नहीं था। ऐसा तब हो सकता है जब आप दूसरे देश में अध्ययन करने का फैसला करें, वहां नौकरी स्वीकार करें, या रहने का फैसला करें। इसके विपरीत, जो कैनेडा के नागरिक कैनेडा में ही जन्मे थे, कैनेडा से बाहर रहने पर उनकी नागरिकता नहीं जा सकती।

2. **संभाव्य दोहरी नागरिकता वाले कैनेडावासियों के मामले में**, कोई अधिकारी दूसरे देश में किसी फौजदारी अपराध सिद्धि के लिए आपकी नागरिकता खत्म कर सकता है, भले ही वह दूसरा देश अलोकतांत्रिक हो या वहां कानून का राज न हो। अधिकारी कैनेडा में हुए कुछ विशेष गंभीर फौजदारी अपराध सिद्धि के मामलों में भी आपकी नागरिकता खत्म कर सकता है, भले ही आप कैनेडा में पहले ही अपनी सजा काट चुके हों।

3. **आपकी नागरिकता को खत्म करने का अधिकार**, सिटिज़नशिप ऐन्ड इमिग्रेशन कैनेडा के किसी अधिकारी को दिया जाएगा। यह निर्णय लिखित रूप से दिया जा सकता है जिसमें आपको अधिकारी से बात करने का कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। मौजूदा कानून के तहत, आपकी नागरिकता वापस लेने के लिए, सरकार को किसी संघीय न्यायालय के न्यायाधीश के समक्ष आवेदन करना जरूरी है, जहां आपकी मौखिक सुनवाई होगी जिसमें आप अपनी नागरिकता के अधिकार का बचाव कर सकते हैं।